न्यायालय विशेष/अपर जनपद न्यायाधीश, प्रतापगढ़

सिविल अपील संख्या–42/2005
मिनहाज बनाम मकबूल हुसैन

08.09.2015

पत्रावली आज वास्ते आदेश 26क, 29क,30क नियत है। प्रार्थनापत्र 26क, 29क,30क अन्तर्गत आदेश 22 नियम 4 व आदेश 6 नियम 17 जा0दी0 में अपीलार्थी ने कथन किया है कि उपरोक्त अपील में रेस्पाण्डेण्ट संख्या–7 जलाल उद्दीन की मृत्यु दिनांक 06.05.2012 को, व रेस्पान्डेन्ट नं0 4 मिनहान की मृत्यु दिनांक 15.09.2013 को, व रेस्पान्डेन्ट नं0 9 वाजिद अली की मृत्यु दिनांक 10.07.2013 को हो गयी है उसके विधिक उत्तराधिकारी उसकी पत्नी, पुत्रगण व पुत्रियां हैं, जिनका मृतक के स्थान पर कायम मोकामी किया जाना अपील के समुचित एवं न्यायोचित निस्तारण के लिए आवश्यक है।

विपक्षीगण ने कोई आपत्ति नहीं किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया एवं उभय पक्षों को सुना। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि रेस्पाण्डेण्ट संख्या–7 जलाल उद्दीन की मृत्यु दिनांक 06.05.2012 को, व रेस्पान्डेन्ट नं0 4 मिनहान की मृत्यु दिनांक 15.09.2013 को, व रेस्पान्डेन्ट नं0 9 वाजिद अली की मृत्यु दिनांक 10.07.2013 को हो गयी तथा उसकी कायम मोकामी का प्रार्थना पत्र क्रमशः 18.07.2012, 27.09.2013, को अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत किया गया है जो निर्धारित समय सीमा के अन्दर है। न्यायहित में प्रार्थना पत्र 26क, 29क,3 30क स्वीकार किया जाता है। अपीलार्थी आवश्यक संशोधन एक सप्ताह में करे। पत्रावली दिनांक 25.09.2015 को वास्ते बहस पेश हो।

विशेष/अपर जनपद न्यायाधीश,
प्रतापगढ़।